# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्याः–0612–2285262

**सं० सं०–बि०वि०मि०–स्था०–(DRCC/विविध)–35/18..205.. पटना, दिनांक ..31/01/25**

**–:: आदेश ::–**

बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संख्या–622, दिनांक–27.10.2016 के द्वारा श्री विश्वजीत कुमार का संविदा नियोजन सुपरवाईजर आई0टी0 के पद पर जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, दरभंगा में दिनांक–27.10.2016 के प्रभाव से किया गया था। पुनः कार्यालय आदेश संख्या–798(अनु0), दिनांक–07.08.2021 द्वारा श्री कुमार का स्थानान्तरण जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, सीतामढ़ी में किया गया।

**2.** जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी के पत्रांक–15, दिनांक–15.01.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि श्री कुमार दिनांक–26.10.2023 से कार्यालय से बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित थे। अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण के क्रम उनके द्वारा दिनांक–14.11.2023 को त्याग–पत्र समर्पित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा पूर्व में त्यागपत्र के संबंध में सूचना नहीं देने का उल्लेख करते हुए उनके त्यागपत्र की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु बिहार विकास मिशन को प्रेषित किया गया है।

**3.** जिला योजना पदाधिकारी, सीतामढ़ी के पत्रांक–152, दिनांक–31.07.2024 द्वारा प्रतिवेदित है कि श्री कुमार का अंतिम कार्यदिवस दिनांक–25.10.2023 है तथा इनके विरूद्ध किसी भी प्रकार का कोई बकाया नहीं है।

**4.** श्री कुमार द्वारा त्याग–पत्र समर्पित करने से पूर्व नोटिस अवधि (30 दिन) की सूचना नहीं दिये जाने के कारण बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–495, दिनांक–18.04.2023 के कंडिका–02(ख) में किये गये प्रावधान के आलोक में श्री कुमार का भविष्य में बिहार विकास मिशन में पुनर्नियोजन की अहर्त्ता समाप्त करते हुए दिनांक–25.10.2023 (अपराह्न) की तिथि से बर्खास्त किया जाता है।

**5.** प्रस्ताव में सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

31/1/25

**(राजीव रंजन सिन्हा)**
संयुक्त सचिव–सह–महाप्रबंधक–
HR Management & IT,
बिहार विकास मिशन।

**ज्ञापांक :– बि०वि०मि०–स्था०–(DRCC/विविध)–35/18..205..पटना, दिनांक ..31/01/25**

**प्रतिलिपिः**–जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी/ जिला योजना पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

31/1/25

संयुक्त सचिव–सह–महाप्रबंधक–
HR Management & IT,
बिहार विकास मिशन।

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC/विविध)-35/18** 205 **पटना, दिनांक** 31/01/25

**प्रतिलिपिः**-सभी महाप्रबंधक/ श्रीमती ज्योति बाला, मैनेजमेंट एसोसिएट/ प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, सीतामढ़ी / श्री विश्वजीत कुमार, सुपरवाईजर आई0टी0, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

31/1/25

संयुक्त सचिव-सह-महाप्रबंधक-
HR Management & IT,
बिहार विकास मिशन।

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC/विविध)-35/18** 205 **पटना, दिनांक** 31/01/25

**प्रतिलिपिः**-एच0आर0 मैनेजर, बिहार विकास मिशन को ई-मेल करने हेतु प्रेषित।

31/1/25

संयुक्त सचिव-सह-महाप्रबंधक-
HR Management & IT,
बिहार विकास मिशन।

5.38 P.M
31/01/25